DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

विश्वविद्यालय के विकास में प्रत्येक कर्मी का अहम योगदान : डा. डंगवाल

देहरादून : दून विश्वविद्यालय की कुलपति डा. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास में प्रत्येक कर्मचारी का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षक तभी विद्यार्थियों को पढ़ा पाएगा, जब व्याख्यान कक्ष समय पर खुलेंगे, सफाई समय पर होगी, व्याख्यान के लिए उपकरण उपलब्ध होंगे। विवि के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ द्वारा गैर-शैक्षणिक कर्मियों के लिए आयोजित कार्यशाला में उन्होंने यह बातें कहीं।

मुख्य वक्ता प्रो. रीना सिंह ने कहा कि हमें हर दिन अपने दिन की शुरुआत योग एवं अच्छे विचारों के साथ करनी चाहिए। कार्यशाला का संचालन आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ निदेशक प्रो. एचसी पुरोहित ने किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाने की दिशा में प्रकोष्ठ सदैव कार्यरत रहता है और यह कार्यशाला इसी कड़ी का हिस्सा है। इस अवसर पर सहायक कुलसचिव देवेंदु रावत व रोहित जोशी सहायक आदि मौजूद रहे।(जासं)

News paper – Dainik Jagran
Date – 27.08.2024